हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 16 दिसंबर 2024
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]

www.sparshbhilai.com

हमें ख्याल हैं आपके परिवार का, इसलिए हम सुनिश्चित करते हैं सुरक्षित एवं बेहतरीन सेवाएँ...

SPARSH MULTISPECIALTY HOSPITAL

एक एहसास अपनेपन का...

## स्पर्श
## मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई

नवजात शिशु एवं बाल रोग — महिला-प्रसूति एवं क्रिटिकल केयर की सर्वश्रेष्ठ टीम



डॉ. ए.पी. सावंत
MBBS, DCH, PGDHHM

डॉ. अंकुर परगनिहा
MBBS, DNB, FIAP-ICC

डॉ. आशीष जैन
MBBS, DCH

डॉ. रिचा गुप्ता
MBBS, PGDMCH

डॉ. मोनीदीपा साहा
MBBS, MS (Laparoscopy Surgeon)

डॉ. संजय गोयल
MBBS, MD, Critical Care Specialist

**आयुष्मान के अंतर्गत नवजात शिशुओं का ICU में पूर्णत: नि:शुल्क ईलाज**

- नवजात शिशु एवं बाल रोग गहन चिकित्सा विशेषज्ञ की 24x7 उपलब्धता
- NICU, PICU की सुविधा
- शिशु एवं बाल रोग शल्य चिकित्सक की उपलब्धता
- नॉर्मल, सिजेरियन एवं हाईरिस्क डिलवरी
- प्रसूति एवं स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

1,00,000+
बच्चों का सफल इलाज

5,000+
NICU-PICU से स्वस्थ्य हुए बच्चे

6,000+
गर्भवती महिलाओं का विश्वास

4,00,000+
मरीजों का विश्वास

**आपातकालीन हेल्पलाइन– 72250 59701**

72250 59707, 0788 - 4252222 TOLL FREE NO. 1800 309 1616

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी, भारतीय रेलवे, एनएमडीसी, एनटीपीसी,एनएसपीसीएल, बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना-ओड़िसा एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शासकीय योजनाओं से कैशलेस इलाज हेतु मान्यता प्राप्त

Deepak Advertisers

# लाइन लॉस कम करने की कवायद, 28 सौ करोड़ की योजना पर चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अपने प्रदेश में लाइन लॉस को कम करने की कवायद चल रही है। राज्य के कई जिलों में 50 फीसदी से ज्यादा लाइन लॉस होता है। चाहकर भी इसे रोकने में कामयाबी नहीं मिल रही है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को हर साल लाइन लॉस और बिजली चोरी से करीब दो हजार करोड़ का झटका लगता है।

■ कवर्धा में खर्च होंगे सबसे ज्यादा 400 करोड़

यह झटका बिजली चोरी से ज्यादा लगता है। लाइन लॉस को कम करने और बिजली चोरी को रोकने की कवायद में पावर कंपनी ने 29 सौ करोड़ की योजना बनाई जिसे केंद्र सरकार से भी मंजूरी मिल गई है। सभी जिलों का टेंडर फाइनल होने के बाद कंपनी को सौ करोड़ बच भी रहे हैं। 2903 करोड़ का टेंडर 28 सौ करोड़ में फाइनल हुआ है। सभी जिलों में काम भी चल रहा है। जहां बीजापुर का काम पूरा हो गया है, वहीं नारायणपुर का काम भी पूरा होने वाला है। सबसे ज्यादा कवर्धा जिले में करीब 400 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। रायपुर के लिए 213 करोड़ की योजना है। अगले साल दिसंबर तक सभी स्थानों पर काम पूरा करने का लक्ष्य है।




देश भर में लाइन लॉस कम करने की कवायद में केंद्र सरकार जुटी है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की 2903 करोड़ की योजना को भी मंजूरी मिली है। इस योजना में केंद्र सरकार से 60 फीसदी पैसे मिलेंगे। 40 फीसदी खर्च पॉवर कंपनी करेगी।

योजना में लाइन लॉस कम करने के लिए जहां बिजली की लाइनों को छोटा किया जा रहा है, वहीं ट्रांसफार्मरों की संख्या में इजाफा किया जा रहा है। इसी के साथ खुले तारों के स्थान पर केबल लगाने का काम हो रहा है ताकि तारों में होने वाली हुकिंग को रोका जा सके। हुकिंग करके ही प्रदेश के कई जिलों में बिजली चोरी की जाती है।

### कवर्धा में खर्च होंगे 4 सौ करोड़

योजना को पॉवर कंपनी ने 31 जिलों में वहां की जरूरत के हिसाब से बांटकर खर्च तय किया है। इसमें सबसे ज्यादा कवर्धा जिले के लिए 397.03 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। कवर्धा में बिजली चोरी के कारण लाइन लॉस ज्यादा होता है। जानकारों की मानें तो यहां पर आधी बिजली चोरी हो जाती है। कवर्धा के बाद सरगुजा में 255.39 करोड़ खर्च किए जा रहे है। यहां भी करीब 50 फीसदी बिजली चोरी होती है। सूरजपुर में 194.39 करोड़, बलरामपुर में 132.94 करोड़, कोरबा में 111.30 करोड़, राजनांदगांव में 182.74 करोड़ और रायपुर में 213.33 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं।

### नारायणपुर में सबसे कम खर्च

जिन जिलों में ज्यादा लाइन लॉस नहीं है वहां सौ करोड़ से भी कम खर्च होंगे। ऐसे जिलों में सबसे कम 2.64 करोड़ नारायणपुर में खर्च हो रहे हैं, यहां का काम लगभग पूरा होने वाला है। इसी तरह से 3.31 करोड़ का काम बीजापुर में हो गया है। इसके अलावा 11.19 करोड़ बालोद, 24.02 करोड़ गौरेला पेंड्रा, 39.78 करोड़ बस्तर, 71.00 करोड़ खैरागढ़, 58.63 करोड़ दुर्ग, 41.15 करोड़ बेमेतरा, 81.11 करोड़ गरियाबंद, 92.16 करोड़ बलौदाबाजार, 36.13 करोड़ जशपुर, 54.48 करोड़ कोरिया, 58.43 करोड़ जांजगीर चांपा, 56.64 करोड़ शक्ति, 33.44 करोड़ मुंगेली और 94.49 करोड़ सारंगढ़-बिलाईगढ़ में खर्च किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन, 260 का पंजीयन

**रायपुर।** मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल द्वारा समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन भवन में तीन दिवसीय आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन शनिवार को किया गया। यह शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से लगाया गया था। इस शिविर में अभी तक 260 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जहां पर हाथ, पैर, कैलिपर्स, बैसाखी एवं कान की मशीन निशुल्क मरीज को पंजीयन कराकर उनकी जांच कर उन्हें निशुल्क कृत्रिम अंग का प्रत्यारोपण किया जाता है। इस कार्यक्रम में समाजसेवी बसंत अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में सियाराम अग्रवाल, अमर पारवानी, अमर बंसल, कन्हैया अग्रवाल, मंच के सदस्य एवं सभी अतिथि उपस्थित रहे।

### धान खरीदी पर पूर्व मंत्री कंवर ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**रायपुर।** पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को पत्र लिख कर राइस मिलरों के बकाया का जिक्र करते हुए भुगतान की मांग की है। उन्होंने समितियों में जमा धान के उठाव के लिए शासन और राइस मिलरों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की मांग की है, जिससे किसानों में पनप रहे आक्रोश का असर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में देखने को न मिले।

### चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक 17 को, श्रीचंद ने बैठक पर जताया ऐतराज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्य समिति की बैठक 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे बांबे मार्केट स्थित चैंबर सभाभवन में आयोजित की गई है। चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने बैठक में प्रदेश के सभी कार्यकारिणी सदस्यों को आमंत्रित किया है। वहीं पूर्व चैंबर अध्यक्ष और विधायक रहे श्रीचंद सुंदरानी ने बैठक को असंवैधानिक करार देते हुए कहा है, बैठक को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। इस पर चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने दो टूक शब्दों में कहा है कि हम व्यापारी हित में एवं संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप संविधान के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक के संबंध में

**समस्या :** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए की जा रही विशेष पहल

# कड़ाके की ठंड में भी सुबह-सुबह कचरा इकट्ठा करने घर-घर पहुंच रही हैं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में शहरों से लेकर गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए अब स्व सहायता समूह का निर्माण कर उन्हें स्वच्छता रिक्शा देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ग्रामों व शहरों में स्वच्छता को लेकर पहल शासन प्रशासन स्तर पर की जा रही है।

■ स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशासन ने प्रदान किया रिक्शा

बता दें कि वर्तमान में कड़ाके की ठंड पड़ रही है फिर भी जिले में स्वच्छता को लेकर प्रतिबद्ध जिले के स्वच्छता दीदियां कंडकड़ाती ठंड में शॉल स्वेटर पहनकर घरों से कचरा इकट्ठा करती हैं, जहां इस ठिठुरती ठंड में लोग अलसुबह उठने के लिए भी सोचते हैं, ऐसे में स्वच्छता दीदियों द्वारा काम के प्रति समर्पण दिखाते हुए सुबह से कचरा संग्रहण का काम किया जा रहा है।






### सुबह घर-घर कचरा इकट्ठा करने के बाद करती हैं छंटाई

ग्राम नेवारीकला में कल्पना स्व सहायता समूह की अध्यक्ष लीना, सचिव उषा, पुष्पा, ओम बाई, पूजा, मनीषा, मोहनी, रोशनी, दूज, अनुसुईया ने बताया कि शासन प्रशासन द्वारा हमें दो रिक्शे प्रदान किए गए हैं। हम सुबह घरों से कचरा इकठ्ठा करने के लिए सिटी बजाते निकल जाते हैं। लोग सीटी की आवाज सुनकर घरों से कचरा निकालकर रिक्शे में डाल देते हैं। महिलाओं ने बताया कि लोग अब स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं। चौराहों पर कचरा डालने की जगह कचरा गाड़ी में डाल रहे हैं। कचरे को इकट्ठा करने के बाद वे कचरे में से प्लास्टिक, लोहे को अलग करने के बाद अपने अन्य कामों के लिए निकल जाते हैं। इसमे वर्तमान में अभी भले ही उन्हें आय प्राप्त नहीं हो रही है, लेकिन धीरे धीरे वे इसके माध्यम से स्वयं का रोजगार उत्पन्न कर आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं।

### सीटी सुनते ही कचरा लेकर घर से बाहर आ जाते हैं लोग

इसके तहत पहले जहां शहरों में स्व सहायता समूहों द्वारा रिक्शे से घर-घर जाकर सुबह-सुबह कचरा इकट्ठा करने का काम किया जाता था, जिसका परिणाम जमीनी स्तर पर यह रहा कि पहले से ज्यादा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई व लोग स्वच्छता दीदियों के सुबह सुबह रिक्शा लेकर सीटी बजाते ही कचरे का डिब्बा लेकर रिक्शे में डालने आने लगे। इससे बाहर चौराहों व गली मोहल्लों में कचरा फेंकने की जगह स्वच्छता दीदियों के रिक्शे में कचरा डालने लगे। इसके कारण पूर्व से बहुत हद तक शहरी स्तर पर स्वच्छता का यह प्रयास रंग लाते दिखा। इससे प्रेरणा लेते हुए शासन प्रशासन द्वारा इस पहल को ग्रामीण स्तर पर लागू किया जा रहा है। इससे शहरी स्तर पर स्वच्छता दीदियों का समूह कचरा इकठ्ठा करने को रोजगार के रूप में सृजन कर आय का माध्यम बनाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं वहीं स्वयं के साथ अपने परिवार का पालन पोषण करने में भी सक्षम बन रही हैं। इसे देखते हुए जिले के ग्रामीण स्तर पर महिलाओं का स्व सहायता समूह बनाकर शासन प्रशासन द्वारा उन्हें ई रिक्शा प्रदान किया जा रहा है। कचरा संग्रहण करने के साथ ही महिलाओं को इस माध्यम से रोजगार सृजन कर आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है।

# मोबाइल की 4 जी सेवा ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर



जामगांव आर क्षेत्र की 25000 आमजनता मोबाइल की 4 जी सेवा की लचर व्यवस्था से परेशान हैं। किसानों, पत्रकारों, विद्यार्थियों, दुकानदारों, शिक्षण संस्थाओं सहित आम उपभोक्ताओं ने जामगांव आर एरिया में 4 जी सेवा प्रारंभ होने से खुशी जाहिर की थी और 4 जी रैंक का मोबाइल सेट खरीद लिया, लेकिन मोबाइल पर नेटवर्क के राउंड राउंड से काफी दुखी और नाकाम सेवा से आक्रोशित होने लगे हैं। लोगों का कहना है कि महत्वपूर्ण कार्य के समय नेटवर्क राउंड लेना शुरू कर देता है।

इससे किसानों को टोकन लेने, विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए नेट पर सर्च करने के साथ ही अन्य अनेक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जामगांव आर से बोरवाय, भरर, कुम्हली, औरी, भनसूली, टेमरी, रनचीराई, पौहा, जामगांव आर के लगभग 25 हजार ग्रामीण नेट सेवा से प्रभावित हैं। डा एनके चंद्रवशी, पीएल बारले, बुधारू राम, भीखम राठी, चंद्रिका चंद्राकर, भारत निर्मल पोषण, निर्मल माया कौशिक, नेतराम ठाकुर, राधेश्याम राठी सहित अनेक उपभोक्ताओं ने नेटवर्क की सेवा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में विभाग के एसडीओ डीके बागड़े ने बताया कि सुचारू व्यवस्था के लिए प्रयास जारी है। फिर भी त्वरित जांच करवाता हूं।

### धनेली में विकासकार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन



गुरूर। ग्राम धनेली में शौचालय सह व्यावसायिक काम्प्लेक्स व वार्ड क्रमांक 11 में सीसी रोड निर्माण विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, भाजपा महामंत्री भुवन साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष महावीर साहू के आतिथ्य में किया गया।

# तीन साल की पढ़ाई में दो वर्ष का अध्ययन अवकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तीन साल की एमडी-एमएस, एमसीएच,डीएम की पढ़ाई के लिए शासन द्वारा सेवारत स्नातक अभियार्थियों को दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत किए जाने के मामले में डाक्टरों ने विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह से मुलाकात की है। हवाला दिया गया है कि एक साल के अवैतनिक अवकाश के दौरान उन्हें आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है। जबकि मध्यप्रदेश ओडिशा द्वारा उच्च अध्ययन के लिए तीन साल का अवकाश दिया जाता है। जूनियर डाक्टर फेडरेशन ने रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें तर्क दिया है कि विभिन्न अस्पतालों में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी पीजी की पढ़ाई पूरी होने के बाद अनुबंध अवधि की ड्युटी पूरी करते हैं। इसके बाद भी उन्हें दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया जाता है और एक वर्ष को असाधारण अवकाश माना जाता है। तर्क दिया गया है कि एक वर्ष अवैतनिक अवकाश के दौरान उन्हें आर्थिक समस्या से जूझना पड़ता है। अन्य राज्यों में चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए तीन साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है। उन्हें यह भी बताया गया कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अनुमोदन के बाद भी विभागीय फाइल वित्त विभाग के पास अटकी हुई है।

# युवाओं को साइबर सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

साइबर जागरूकता ही सुरक्षा का उपाय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच रायपुर चैप्टर द्वारा साइबर युद्ध और साइबर योद्धा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गोलोक बिहारी राय ने कहा, वर्तमान परिदृश्य के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियां जैसे धोखाधड़ी, फेक न्यूज, गलत सूचना और साइबर बुलिंग से भारत की आंतरिक सुरक्षा को खतरा तथा सामान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राओं खासकर युवाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस तरह के खतरों से सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यशाला के अतिविशिष्ट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा कि साइबर सुरक्षा से जुड़ी सुरक्षात्मक प्रक्रियाओं में फ़ायरवॉल, नेटवर्क डिटेक्शन और रिस्पॉन्स (एनडीआर) और एंडपॉइंट डिटेक्शन और रिस्पॉन्स (ईडीआर) शामिल हैं। मुख्य वक्ता पूर्व डीजी आरके विज ने साइबर सुरक्षा से जुड़े उपायों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बीज वक्ता एनआरटीओ के पूर्व निदेशक आलोक विजयंत, मंच के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वर्णिका शर्मा, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच तथा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में रायपुर चैप्टर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष तौकीर रजा ने उद्घाटन एवं स्वागत भाषण देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच एफएएनएस पूरे देश भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा पर जनजागरण का कार्य कर रहा है।

### काम दिलाने के बहाने रायपुर बुलाकर युवती को बनाया बंधक, 3 गिरफ्तार

**रायपुर।** एम्स हास्पिटल रायपुर में हेल्थ केयर टेकर की नौकरी दिलाने के नाम पर कांकेर निवासी एक युवती को रायपुर बुलाने के बाद उसकी इच्छा के विरुद्ध रायपुर में रोक कर रखने के लिए कमरे में बंद कर बंधक बनाए रखने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में युवती को बंधक बनाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला है। पुलिस के अनुसार कांकेर के भापुप्रतापपुर निवासी एक युवती इंस्ट्राग्राम में विज्ञापन रील्स देखा था, जिसमें एम्स हास्पिटल रायपुर में मरीजों की देखरेख के लिए हेल्थ केयर टेकर की आवश्यकता होना बताया गया था। इस रील्स में संपर्क करने के लिए मोबाइल नंबर भी शेयर किया गया था। इस रील्स को देखकर युवती ने उसमें दिए नंबर पर संपर्क किया।

## पेज 11 का शेष

### महतारी वंदना योजना से ...

महीने 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। महतारी वंदना योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि धार्मिक क्षेत्रों मे भी सरकार ने बड़े कदम उठाये है जैसे कि राम लला दर्शन योजना राज्य सरकार की एक विशेष पहल है, जिसके तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या में भगवान राम के दर्शन कराने के लिए सरकारी खर्चे पर यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी तरह पीएम आवास योजना के बारे में कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर नागरिक का घर का सपना साकार हो और उन्हें एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिले।

**कार्यालय नगर पंचायत दाढ़ी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्र./ / न.पं./ निर्वा. / 2024-25 **// आम सूचना //** दाढ़ी, दिनांक 14.12.2024

राज्य शासन द्वारा जिला बेमेतरा के अंतर्गत नगर पंचायत दाढ़ी नगरीय निकाय निर्वाचन 2024 हेतु वार्डों की आरक्षण किये जाने हेतु कलेक्टर बेमेतरा को विहित प्राधिकारी घोषित किया गया है।

तदानुसार आम निर्वाचन 2024 हेतु नगर पालिका/नगर पंचायत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डो का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधानों के अनुसार वार्डो का आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष दृष्टि बेमेतरा में दिनांक 17.12.2024 दिन मंगलवार को दोपहर 03.30 बजे से की जावेगी। अतः जो नागरिक आरक्षण की कार्यवाही में उपस्थित होना चाहते है वे उपस्थित रह सकते है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत दाढ़ी**




## इतिहास का बखान करने वाला सबसे उन्नत ग्रंथ है भागवत कथा : पं. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सबका हित करने वाला, सोचने वाला ही सच्चा राजनीतिज्ञ होता है, लेकिन आज राजनीति दूषित हो चुकी है। राजनेता ऐसे आराम से रहते हैं और जनता तकलीफ में है। ये बातें चंगोराभाठा में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ के सातवें दिन शनिवार को आचार्य पं. झम्मन शास्त्री महाराज ने कही। उन्होंने आगे बताया कि भागवत कथा इतिहास का बखान करने वाला सबसे उन्नत ग्रंथ है। आज देश की सुरक्षा के लिए सिपाहियों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं, जबकि श्री रामचंद्र की सेना में शामिल सैनिकों ने भावनात्मक रूप से जुड़कर लंका जीत ली थी। संस्कार और वचनों के क्रियान्वयन की सीख राजा दशरथ से लेनी चाहिए, जिन्होंने राजा जनक के भेजे हुए दहेज को गलत मानकर स्वीकार नहीं किया। सोने से पहले मोबाइल छोड़कर भगवान को पकड़ लिया जाए तो अच्छी नींद आएगी और खराब सपने परेशान नहीं करेंगे। भगवान को तुलसी दल चढ़ाने को भी लोग कतराते हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

14 गीता के बिना श्रीमद् भागवत कथा पूर्ण नहीं

12 कड़ाके की ठंड में भी सुबह-सुबह कचरा इकट्ठा ...


## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत परपोड़ी के वार्डों का आरक्षण कल

**परपोड़ी।** नगर पंचायत परपोड़ी, जिला बेमेतरा के आम निर्वाचन 2024 के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण नियम 1994 के प्रावधानों के तहत नगर पंचायत परपोड़ी के वार्डों का आरक्षण 17 दिसंबर को किया जाएगा। परपोड़ी के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ने बताया कि आरक्षण की प्रक्रिया कलेक्टोरेट बेमेतरा के दृष्टि सभा कक्ष में 4 से 4:30 बजे तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्रवाई के दौरान आम नागरिक उपस्थित रह सकते हैं।

### बालोद में श्रीमद् भागवत कथा 29 से

**बालोद।** जय अम्बे महिला मानस मंडली संजयनगर बालोद द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक संजयनगर वार्ड क्रमांक 02 बालोद में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान देवी गीतांजलि शर्मा दोपहर 1 से संध्या 5 बजे तक कथावाचन करेंगी। कार्यक्रम की शुरुआत 29 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदी पूजन और गौकर्ण कथा के साथ होगी। कार्यक्रम का समापन 6 जनवरी को गीता ज्ञान, तुलसी वर्षा, हवन यज्ञ, कपिलातर्पण व महाप्रसादी के साथ होगा।

### हीरापुर में मड़ई-मेला 2 जनवरी को

**बालोद।** ग्राम हीरापुर में मड़ई-मेला का आयोजन 2 जनवरी को रखा गया है। उपसरपंच हेमराज साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी झन भुलव मां बाप ला का आयोजन रखा गया है।

### चोरी करने का प्रयास, गिरफ्तार

**भिलाई।** दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के कारण पुलिस आरोपी तक पहुंच पाई। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि ब्राह्मण पारा निवासी महेंद्र कश्यप ने दुकान में चोरी के प्रयास की शिकायत दर्ज कराई थी। सदर बाजार में मोहन मिष्ठान भंडार नाम से उनका होटल है। सुरक्षा के लिए पीड़ित ने सीसीटीवी कैमरा लगवा रखा है। 10 दिसंबर की रात करीब 11.30 बजे घर के सभी लोग खाना खाकर टीवी देख रहे थे। इस दौरान बेटा अर्पित कश्यप आया और मोबाइल में सीसीटीवी कैमरा दिखाते हुए बोला कि दुकान में कोई चोरी करने का प्रयास कर रहा है। जिसमें एक युवक दुकान का ग्रिल काटकर उसे रस्सी से बांधकर दुकान के भीतर घुसने का प्रयास कर रहा है। तुरंत लोगों की मदद लेकर दुकान पहुंचे। तब तक चोर मौके से फरार हो गया था। उसे खोजबीन करने पर कोई जानकारी नहीं मिली। लेकिन बेटे को छत पर एक आधार कार्ड पड़ा मिला। वो किसी अगोधा फरिया फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश निवासी ग्रीश कुशवाहा का था।

**सियासत :** प्रदेश में विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर वित्तमंत्री चौधरी ने ली पत्रकार वार्ता

# राज्य सरकार ने एक साल में विकास की दिशा में उठाए कई महत्वपूर्ण कदम, अपने वादे किए पूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शनिवार जिले के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में प्रेसवार्ता ली। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा किया और बताया कि कैसे एक साल में राज्य ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वित्त मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि शासन ने विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कई सख्त कदम उठाए गए हैं, जिनमें डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना, सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाना, और भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कानून लागू करना शामिल हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि इन सुधारों से राज्य की जनता को सीधा लाभ हो रहा है और विकास की गति तेज हुई है। सुशासन की स्थापना के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं । पत्रकारों से चर्चा के दौरान विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मंत्री ओपी चौधरी ने आगे कहा कि सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों और सुधारों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया, जैसे फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया, जिसमें मुफ्त दवा और उपचार की सेवाएँ शामिल हैं। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार और छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार किया गया। महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाओं और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित किया गया, साथ ही सुरक्षित मातृत्व के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। गरीबों और वंचित वर्गों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए आवास योजनाओं को प्राथमिकता दी गई। इसके साथ ही, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया गया। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दिया और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित की।युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) कार्यक्रम चलाए गए, जिनसे उन्हें नौकरी के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।




### सिर्फ पांच सौ ही लगेगा हक त्याग भूमि का शुल्क

जमीन पंजीयन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि जनता को राहत देने कई तरह के सुधार व संशोधन कर आदेश जारी किया गया जिसमें पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे में हक त्याग करने पर सिर्फ पांच सौ रुपए की घोषणा की गई है। लेकिन पंजीयन कार्यालय में जब आमजन भूमि हक त्याग करने की प्रक्रिया करवाने पहुंचे तब बताया कि हक त्याग मामले की जमीन रजिस्ट्री करने पर शुल्क 500 सौ रुपए बाकी पूर्व की तरह स्टांप ड्यूटी से लेकर अन्य खर्च यथावत होना बताया गया जिस पर प्रेस वार्ता में मंत्री से इस कन्फ्यूजन पर प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि सारी प्रक्रिया का सिर्फ 500 ही लगेगा।

### किसानों को 3100 रुपए एक मुश्त राशि का वादा पूरा

श्री चौधरी ने कि कि सरकार ने अपना वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकॉर्ड खरीदी की। हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक किसान भाई-बहनों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि का भी अंतरण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास बैंक ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी शक्ति ऋण योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, महतारी वंदना योजना में पंजीकृत महिलाओं को 25,000 रुपये का ऋण प्रदान किया जा रहा है। इस ऋण पर वार्षिक ब्याज दर 9 प्रतिशत होगी। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों के लिए पूंजी उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### सीजीपीएससी भर्ती में अब पारदर्शिता कांग्रेस शासन में गड़बड़ी करने वाले जेल में

श्री चौधरी ने अपनी प्रेसवार्ता की शुरुआत सीजी पीएससी भर्ती से की। उन्होंने कहा कि पूर्व की भूपेश बघेल सरकार के वक्त भाई-भतीजावाद के साथ साथ सेटिंग का अड्डा बनाकर प्रदेश के मेहनत कर पढ़ाई करने वाले युवाओं का हक जहां छीना गया, वहीं दूसरी ओर खुलकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। लेकिन, हमारी सरकार आते ही मामले की सीबीआई जांच कराई जा रही है और गड़बड़ी करने वाले अधिकारी जेल की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार करते हुए इसे पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया है। सरकार ने पुराने शासन के दौरान अपनाई गई भ्रष्ट नीतियों को समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए, ताकि योग्य उम्मीदवारों को निष्पक्षता से नौकरी के अवसर प्राप्त हो सकें। परीक्षा और मूल्यांकन के लिए एक पारदर्शी और विश्वसनीय प्रणाली लागू की गई है, जिसमें कोई पक्षपात नहीं हो सके। भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया है, जिससे चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### महतारी वंदना योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सम्मान और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महतारी वंदना योजना शुरू की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करना और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। योजना के तहत महिलाओं को हर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## धान का अवैध परिवहन रोकने प्रशासन सख्त, जगह-जगह बनाए गए चेक पोस्ट

**बेमेतरा/थानखम्हरिया।** धान के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने साजा-सिलहाटी मार्ग सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर चेक पोस्ट स्थापित किए हैं। यह कदम किसानों के हितों की रक्षा और सरकारी नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।



कवर्धा-साजा-सिलहाटी मार्ग पर स्थापित चेक पोस्ट में प्रशासन ने कोटवार, पटवारी और रोजगार सहायक सहित विभिन्न जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। सूर्यकांत देवांगन (पटवारी, बाजार चारभाठा), संतोष लहरों (ग्राम पैलपार), और महलदास मानिकपुरी (कोटवार) को चेक पोस्ट पर बारी-बारी से तैनात किया गया है। इनकी जिम्मेदारी व्यापारियों और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की है। अभी तक अवैध धान के क्रय-विक्रय की कोई सूचना नहीं मिली है। प्रशासन ने यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया है कि किसान अपनी फसल का सही मूल्य प्राप्त करें और बिचौलियों की गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। चेक पोस्ट की स्थापना से किसानों को अपनी फसल के सही दाम मिलने की उम्मीद है। साथ ही, इससे बिचौलियों द्वारा अवैध धान परिवहन पर रोक लगेगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कोई अवैध गतिविधि नजर आए, तो तुरंत अधिकारियों को सूचित करें। इस प्रभावी कदम के जरिए शासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि किसानों के हित सर्वोपरि है और अवैध गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जिले में अब तक 394028 मीट्रिक टन धान की खरीदी, केवल 32046 का हुआ उठाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य जिले में तेज़ी और सुगमता से चल रहा है। वर्तमान में 129 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों से 394028 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसकी कुल कीमत 906.68 करोड़ रुपये आंकी गई है। अब तक 78233 किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर धान बेचा है। किसानों को 680 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। साथ ही लिंकिंग के तहत 226.68 करोड़ रुपये की राशि की वसूली की गई है। जिला खाद्य अधिकारी के अनुसार, जिले में अब तक 32046 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। शेष धान के उठाव और परिवहन का कार्य तेजी से जारी है, जिसे जिले के मिलरों के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। प्रशासन ने धान उपार्जन और उठाव को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द धान उठाव की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## ट्रक के पार्ट्स चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रात में खड़े ट्रकों से चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने ट्रक का चक्का डिस्क, बैटरी, जेक, रॉड एवं व्हीलपाना चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को नरेश साहू पिता भुखन साहू उम्र 42 साल निवासी वार्ड 15 नया पारा बेमेतरा ने पुलिस को सूचना दी कि 11 जनवरी की रात्रि 09 बजे से 12 जनवरी के सुबह 08 बजे बीच ग्राम ओड़िया रूद्र पेट्रोल पंप के सामने खड़े 12 चक्का ट्रक




सीजी 09 जेसी 8849 में लगे 04 नग चक्का डिस्क सहित कीमती 1,00,000 रूपए एवं ट्रक में लगे 02 नग बैट्री कीमती 14,000 रूपए, ट्रक में रखे जेक एवं रॉड, व्हील पाना कीमती 5000 रूपए को कोई चोरी कर लिया। इसी तरह पास में ही खड़े फौराज साहू के हाइवा ट्रक सीजी 10 सी 8310 में लगी 02 नग बैट्री कीमती 12,000 रूपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया।

पुलिस ने जांच के दौरान शंका, मुखबीर की सूचना एवं टेक्निकल टीम की सहायता से आरोपी रवि साहू निवासी उमरिया, दुर्गेश साहू, धन्नू यादव, कोमल साहू पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 28 साल निवासी डोड़की चौकी लिटिया थाना बोरी जिला दुर्ग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों से चोरी में उपयुक्त चीजों सहित चोरी का सामान करीबन 11,31,000 रूपये जब्त किया गया।

उक्त कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश सिंह, प्रधान आरक्षक शिवकुमार बंजारे, साइबर सेल प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह, आरक्षक ऐश्वर्य सिन्हा, महेन्द्र सोनवानी सहित अन्य की भूमिका रही।




## गुंडा-बदमाशों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस द्वारा सुरक्षा व कानून व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुये 03 निगरानी एवं 02 गुण्डा बदमाशों पर जांच कार्रवाई की गई।

निगरानी में अर्जुन यादव पिता सुखराम यादव उम्र 46 साल निबसी नारायणपुर, सखाराम यादव पिता गैंदराम यादव उम्र 60 साल निवासी नारायणपुर चौकी मारो एवं चरण पात्रे पिता आगरदास पात्रे उम्र 48 साल निवासी नारायणपुर शामिल हैं। वहीं, गुण्डा बदमाश में अज्जु ऊर्फ अजित गोस्वामी पिता शिवचरण गोस्वामी उम्र 62 साल निवासी मारो चौकी एवं रामकुमार केंवट पिता बनवाली केवट उम्र 56 साल निबसी अमलडीहा की चेकिंग की गई।

उक्त कार्रवाई में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी, आरक्षक देवनारायण साहू सहित अन्य चौकी स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अधिकारी कर्मचारियों को मिला प्रथम चरण का प्रशिक्षण



**बेमेतरा।** नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के अन्तर्गत मतदान प्रक्रिया के सुचारू कार्य संपादन के लिए शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारों व कर्मचारियों का रविवार को विकासखण्ड स्तर में प्रशिक्षण हुआ। विकासखण्ड बेमेतरा के प्रशिक्षण स्थल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में कुल 1287 शिक्षको में से 1,248 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। इसी प्रकार विकासखण्ड बेरला के प्रशिक्षण स्थल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला में कुल 1267 में से 1,236 प्रशिक्षणार्थी, विकासखण्ड साजा के प्रशिक्षण स्थल शासकीय बालक एवं कन्या उमावि साजा में कुल 1,340 में से 1,301 प्रशिक्षणार्थी तथा विकासखण्ड नवागढ़ के प्रशिक्षण स्थल शासकीय बालक एवं कन्या उमावि नवागढ़ में 1285 में से 1,242 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए। इस प्रकार कुल 5,027 प्रशिक्षणार्थियों को दो पालियों में प्रथम पाली समय 10 बजे से 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली समय 02 बजे से 05 बजे तक प्रोजेक्टर के माध्यम से विकासखण्ड मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण किया गया।

**ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत**

## अग्निवीर का प्रशिक्षण लेकर गृहग्राम लौटे धर्मेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ब्लॉक बेरला अंचल के ग्राम आनंदगाँव के धर्मेंद्र कुमार के अग्निवीर से ट्रेनिंग करके गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। धर्मेंद्र कुमार अथक प्रयास व कड़ी मेहनत करके भारतीय सेना अग्निवीर में भर्ती हुए। अग्निवीर में भर्ती के बाद सेना ट्रेनिंग के लिए गए और कई महीनों से प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं, अग्निवीर में लगने के बाद ट्रेनिंग करने गया व अपने ट्रेनिंग पूरा करने के बाद ज़ब गाँव आए तो गाँव के लोगों ने डीजे फूल माला ग़ुलाल लगा कर भव्य स्वागत किया।

ट्रेनिंग के प्रथम बार गाँव आगमन पर आस-पास के लोग व गाँव के दोस्त एवं युवा सब भावुक होकर स्वागत किया। गाँव वालों के द्वारा किये गए स्वागत से सैनिक भावुक हो गए। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष व गाँव के उपसरपंच ताकेश्वर सोनी ने बधाई शुभकामनाएं दीं। गांव में भव्य स्वागत कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री पोषन निर्मलकर ने भारतीय सैनिक धर्मेंद्र कुमार को बधाई शुभकामनाएं दीं। कड़ी मेहनत का परिणाम है कि आज अपने माता-पिता घर परिवार वालों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर सैनिक धर्मेंद्र कुमार के पुरे घर परिवार के लोग दोस्त यार योगेश, ओमकार, राज, पुरषोत्तम व गाँव के समस्त लोग भव्य स्वागत कर सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दीं।



हरिभूमि
**पाठक सूचना**
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने किया न्योता भोजन

दुर्ग। शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की विकासखंड धमधा में बच्चों को शिक्षक खिलेश्वर साहू द्वारा न्योता भोजन कराया गया। शासन की योजना मध्याह्न भोजन में अतिरिक्त पोषण के रूप में बच्चों को सुजी का हलुवा, पूरी परोसी गई। आज के मध्याह्न भोजन में बच्चों ने न्योता भोजन करके काफी आनंदित हुए। मध्याह्न भोजन का संचालन मां शीतला स्व सहायता समूह डोड़की द्वारा किया जा रहा है । न्यौता भोज में संस्था प्रमुख यशवंत पटेल, चंद्रभान वर्मा, रूपसिंह साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने श्री साहू का आभार व्यक्त किया।

### सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर छायाचित्र की प्रदर्शनी

दुर्ग। राज्य सरकार के 13 दिसम्बर को एक वर्ष पूरे होने तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन को प्रदर्शित करने दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। दुर्ग नगर के राजेन्द्र पार्क चौराहा पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा राज्य एवं जिले की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित पत्रिकाएं व प्रचार सामग्रियां लोगों को वितरित किया गया।

### प्रयास विद्यालय के छात्रों ने एम्स का किया भ्रमण

दुर्ग । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार प्रयास आवासीय विद्यालय के जीवविज्ञान संकाय में अध्ययनरत 140 विद्यार्थियों को एम्स रायपुर का भ्रमण कराया गया। जहां उन्हें अस्पताल की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। डिप्टी कलेक्टर विजय ध्रुव ने बताया कि छात्रों को आपातकालीन सेवा, ऑपरेशन थियेटर, रेडियोलॉजी विभाग का भ्रमण कराते हुए आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और तकनीकों से अवगत कराया गया। एक विशेष सत्र में छात्रों को चिकित्सा क्षेत्र में कैरियर बनाने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी जानकारी डॉक्टरों और कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा दी गई।

### जिला टास्क फोर्स समिति की सदस्य मनोनीत की गईं डॉ मोना

बालोद। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिला एवं बाल विकास जिला बालोद में डॉ मोना टुवानी का मनोनयन किया गया। शुक्रवार को जिला टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया। यह समिति लगातार महिलाओं के कल्याण और सुरक्षा के लिए काम करेगी। साथ ही बालक और बालकाओं से जुड़ी समस्याओं को हल कर उनका निराकरण करेगी। इसी कड़ी में अब यहां डॉ मोना टुवानी भी अपनी सेवाएं देंगी। डॉ टुवानी के साथ माहेश्वरी ठाकुर और महेश पांडे को भी मनोनीत सदस्य बनाया गया है। जिला भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री डॉक्टर मोना टुवानी लगातार संगठन के कार्यों में सक्रिय रहती हैं।

## प्रवचन : रुद्र यज्ञ व भागवत कथा में दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने बताया गीता महात्म्य

# गीता के बिना श्रीमद् भागवत कथा पूर्ण नहीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रुद्र यज्ञ एवं भागवत कथा के समापन अवसर पर दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने गीता महात्म्य और तुलसी वर्षा की समापन कथा सुनाते हुए कहा कि जीवन में तीन तरीके से ज्ञान और कर्म किए जाते है मनसा वाचा कर्मणा। भगवान का नाम सीधा बोलो या उल्टा, भगवान ऐसे दयालु है जो दोनों रूप स्वीकार कर लेते हैं।

उन्होंने कहा कि पुराणों का सार श्रीमद्भागवत है, तो भागवत का सार गीता है। बिना गीता के श्रीमद्भागवत कथा पूर्ण नहीं माना जाता, इसके श्रवण से ही भागवत कथा पूर्ण माना गया है। श्रीमद् भगवत महात्मय का वर्णन करने के लिए किसी में भी सामर्थ्य नहीं है, क्योंकि यह एक परम रहस्यमई ग्रंथ है, इसमें संपूर्ण वेदों का सार संग्रह किया गया है।

स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने कहा कि मन इन्द्रियों का राजा है लेकिन मन में मोह और विवेक नामक दो राजाओं का द्वंद चलते रहता है। मोह और विवेक ही जीवन में महाभारत कराते हैं। मन धृतराष्ट्र है जो सुन सकता है देख नहीं सकता, अर्थात मोह तो है पर चक्षु ज्ञान विवेक नहीं है। महाभारत भारत का एक प्रमुख काव्य ग्रंथ है, जो स्मृति के इतिहास वर्ग में आता है। इसे भारत भी कहा जाता है। यह काव्यग्रंथ भारत का अनुपम धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक ग्रंथ है।

स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने कहा कि जीवन में सुमति और कुमति का राज है पांडव सुमति है तो कौरव कुमति । शरीर अर्जुन है तो आत्मा कृष्ण और जो चेतना शक्ति है वह है संजय। मन रूपी धृतराष्ट्र को चेतना रूपी संजय बार बार चेताया करता है हे राजन कुमति को छोड़ सुमति का सुन लेकिन मन तो मदांध है।

### धर्म के बिना कर्म और जीवन है व्यर्थ

उन्होंने धर्म पर कहा धर्मो रक्षति धर्म इति धर्मः। धर्म को धारण किया जाता है, आप धर्म की रक्षा करेंगे धर्म आपकी रक्षा करेगा। धारण का अभिप्राय अंगीकार करना है आत्मसात करना है। दंडी स्वामी ने तुलसी महात्म्य में कहा कि तुलसी महारानी ही लक्ष्मी का अवतार है,देवी लक्ष्मी भगवान विष्णु की पत्नी माना गया है। तुलसी देवी लक्ष्मी का सांसारिक रूप है जहां विष्णु है वहां लक्ष्मी है और जहां कृष्ण है वहां तुलसी है। जहां कृष्ण और तुलसी साथ साथ है वहीं वृंदावन है जहां बाके बिहारी शाश्वत विद्यमान है। इस दौरान कलेक्टर रणवीर शर्मा, एसपी रामकुमार साहू,शत्रुघन सिंह साहू, लेखमणि पाण्डेय, जितेंद्र शुक्ला, नंदकिशोर पाण्डेय, ताराचंद माहेश्वरी, मनोज शर्मा, सतीश कसार, ललित विश्वकर्मा, सुरेश पटेल, महेंद्र गुप्ता, दीपक पाण्डेय, रोशन दत्ता, प्रांजल गौतम, हितेंद्र साहू, प्रहलाद मिश्रा, धनेश्वर पाण्डेय, नीतू कोठारी, सीमा साहू, वर्षा गौतम, ज्योती सिंघानिया, रश्मि शर्मा, माधवी शर्मा, नीति अग्रवाल, महेश शर्मा, लोकेश्वर शुक्ला आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

## संबलपुर पुलिस ने साप्ताहिक बाजार में चलाया जागरुकता अभियान




बेमेतरा। जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया गया। पुलिस चौकी संबलपुर स्टाफ द्वारा ग्राम संबलपुर साप्ताहिक बजार में जनमानस को नशा मुक्ति, साइबर फ्राड, यातायात नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। इसमें नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। जनमानस को नशा नहीं करने संकलप व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

## बेमेतरा में हुआ युवा उत्सव



बेमेतरा। विष्णुदेव सरकार के 01 साल पूरा होने पर विकासखण्ड स्तरीय सुशासन का एक साल - छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कंतेली स्टेडियम बेमेतरा में भी युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धि को छायाचित्र के माध्यम से दिखाया गया। उक्त अवसर पर बेमेतरा विधायक दिपेश साहू ने कहा कि इस पहल से आम नागरिकों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने का मौका मिलेगा है। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल हुए।

# बेरला में शिक्षकों को दिया गया चुनाव प्रशिक्षण





बेमेतरा/बेरला। स्वामी आत्मानंद स्कूल बेरला में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस बार विधानसभा चुनाव की तरह महिला शिक्षकों की भी चुनाव ड्यूटी लगाई जा रही है, इसीलिए उन्हें भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम पाली में सुबह 10 से 2 बजे और द्वितीय पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चला। दोनों पालियों में कुल 1287 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश करमाकर ने बताया कि आगामी दिनों में शिक्षकों को 3 बार और प्रशिक्षण देने की योजना जिला निर्वाचन अधिकारी ने बनाई है। करमाकर के साथ नायब तहसीलदार प्रदीप तिवारी, एबीईओ अधेश कुमार उईके, एबीईओ नारायण ठाकुर, बीआरसी खोमलाल साहू, मास्टर ट्रेनर के रूप में भूपेंद्र परगनिया, रविशंकर सेन, सुखनंदन साव, एसएस ठाकुर, खेमराज साहू, राजेंद्र कुमार झा, कल्याण दास, भागवत प्रसाद, विकेश यादव, जीवन लाल, प्रवीनकुमार, शिवनारायण वर्मा, जीवन लाल, भुवन लाल साहू, महेंद्र कुमार वर्मा, मनोज वर्मा, यशपाल सिंह, श्याम सिंह शामिल रहे।

# शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

■ अग्रवाल समाज ने किया शिविर का आयोजन

अग्रवाल सभा महिला संगठन, युवा अग्रवाल संगठन व अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन मंडल के संयुक्त प्रयास से थान खम्हरिया नगर में मथुरादास गुलाबचंद सिंघानिया धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 52 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

डॉ आरपी शर्मा ने बताया कि रक्तदान महादान है। यह न केवल जरूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने में रक्तदान कर सकता है। अग्रवाल सभा के प्रमुख आशीष बंसल ने कहा कि इस शिविर ने समाज और नगरवासियों को एकजुट होकर सेवा कार्य करने का अवसर दिया। हमें गर्व है कि यह आयोजन लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करने में सफल रहा।

आयोजन में डॉक्टर भुनेश देवांगन, कोमल साहू, मनीषा साहू, प्रनेश जायसवाल, दीप्ति दास, सोनू पटेल, जागृति पटेल, और नंदिनी वर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। साथ ही विकास बंसल, अंकित बंसल, अतुल सिंघानिया, साकेत अग्रवाल, राम अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, सोमराज बिंदल, आशुतोष सिंघानिया, पंकज अग्रवाल, और विवेक डोकानियां ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# जनता जैसा विकास चाहेगी वैसा ही काम करेंगे : दीपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बेमेतरा विधायक ने ग्राम गोड़गीरी में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

ग्राम गोड़गीरी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे। ग्राम गोड़गीरी में विधायक निधि द्वारा सांस्कृतिक मंच जिसकी लागत राशि 02 लाख 30 हजार रूपये एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज के लिए सामाजिक भवन लागत राशि 6 लाख 50 हजार रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

विधायक साहू ने कहा कि आप सभी लोगों ने आशीर्वाद देकर मुझे चुना है, तो अब आगे मेरी जिम्मेदारी है आप लोगों की पांच साल सेवा करना है। आप लोग जैसा विकास चाहेंगे, हम सब मिलकर गांव, क्षेत्र और पुरे विधानसभा का विकास करेंगे। भारतीय जनता पार्टी और विष्णुदेव की सुशासन वाली सरकार में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर यशवंत वर्मा, भुनेश्वरी वर्मा जिला पंचायत सदस्य, पोषण वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, चंद्रकांत परगनिया, द्रोपती साहू सरपंच, मन्नू निषाद सरपंच, जोहतरीन सरपंच, अलख नायक, उमाकांत वर्मा, सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जाटादाह में कोसरिया यादव समाज ने धूमधाम से मनाई गीता जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम जाटादाह में कोसरिया राउत यादव समाज के तत्वावधान में गीता जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर समाज की माता-बहनों ने पीला वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली। सुरेश यादव ने समाज के भवन के लिए 10 लाख रुपए की मांग रखी, जिस पर विधायक अनिला भेड़िया ने सहमति देते हुए भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यादव समाज बहुत ही सभ्य और संगठित समाज है। श्री कृष्ण के वंशज हैं। कार्यक्रम में 10 व 12 वीं में प्रथम व द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि श्रीमती भेंडिया ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बच्चों ने सामूहिक व एकल सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को लक्ष्मी भोयर जनपद सदस्य व राजाराम तारम ने भी संबोधित किया।

# ओबीसी महासभा ने नगर पालिका एवं पंचायत में आरक्षण पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ मुख्यमंत्री के नाम वित्तमंत्री व विधायक को सौंपा ज्ञापन

जिला ओबीसी महासभा ने नगर पंचायत एवं पालिका में संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग उठाई है। 3 दिसंबर 2024 को पारित अध्यादेश को संविधान के अनुच्छेद 16(4) के अनुरूप अन्य पिछड़ा वर्ग को पर्याप्त आरक्षण दिये जाने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के नाम वित्तमंत्री ओपी चौधरी एवं विधायक दीपेश साहू को ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष पंचम साहू ने बताया कि सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 (क्रमांक 5 सन 2024) द्वारा प्रकाशित राजपत्र में मूल अधिनियम की धारा 11 की उप धारा (2) धारा 11(क) का उप धारा (1) के अधीन अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियों का कुल आरक्षण 50 प्रतिशत या 50 प्रतिशत से अधिक होने की स्थिति में अन्य पिछड़े वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं किये जाने का उल्लेख है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन अध्यादेश 2024 (क्रमांक 3 सन 2024) छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 765 में मूल अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के खंड (दो) मूल अधिनियम की धारा 23 की उप धारा (3) के खंड (दो) धारा 25 की उप धारा (2) के खण्ड (दो) धारा 30 की उप धारा 3 के खण्ड (दो) एवं मूल अधिनियम की धारा 32 की उप धारा (2) के खंड 2 के स्थान पर प्रतिस्थापित क्रमशः ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं राज्य में यदि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के लिए 50 या 50 प्रतिशत से अधिक स्थान आरक्षित हो, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं किए जाने का उल्लेख है, जो कि अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के साथ अन्याय है।

चूँकि अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत ओबीसी समुदाय भी सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा है। संविधान के अनुच्छेद 16(4) में उचित आरक्षण का प्रावधान है। इसलिए विशेष परिस्थितियों को देखते हुए 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को शिथिल कर सीमा बढ़ाई जा सकती है।

## नपं अध्यक्ष ने निषाद समाज को प्रदान की कुर्सी

डौंडीलोहारा। तहसील निषाद समाज सामाजिक भवन नगर पंचायत डौंडीलोहारा में निषाद समाज के सामाजिक पदाधिकारियों की मांग पर बैठक व्यवस्था के लिए 20 नग प्लास्टिक कुर्सी प्रदान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू ने 15 नग और वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद व सभापति ममता शर्मा ने 5 नग कुर्सी सामाजिक गतिविधियों के संचालन के लिए निषाद समाज को प्रदान की। साथ ही साथ शीतला मंदिर समिति को और देवार समाज सामुदायिक संस्कृतिक भवन में भी समाज के प्रतिनिधियों की मांग अनुरूप नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू द्वारा बैठक व्यवस्था के लिए शीतला मंदिर समिति व देवार समाज के सामाजिक व्यक्तियों की मांग पर कुर्सी प्रदान किये हैं। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद दसोदा भूआर्य, समाजसेवी मनोज शर्मा के साथ-साथ वरिष्ठ एवं युवा सामाजिक प्रतिनिधि जंगलू राम निषाद, राजेंद्र निषाद, श्रवण निषाद, धर्मेंद्र निषाद, संजय निषाद, मिलाप निषाद, साधु राम निषाद, धनराज निषाद सहित बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग उपस्थित थे।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, चालक घायल

कुसुमकसा/बालोद । झारखंड से चंद्रपुर महाराष्ट्र की ओर जा रहा 18 चक्का मालवाहक ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 5695 ग्राम शिकारीटोला के पास दोपहर लगभग 12 बजे अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक चालक को चोट आई है। राजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस बल को घटनास्थल भेजा।

एजेन्सी देना है...

हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342

हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

## आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने किया बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# बोरई में शहीद वीर नारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि


हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बोरई आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर थे। उन्होंने रानी लक्ष्मी बाई और शहीद वीर नारायण सिंह के तैल चित्र की पूजा अर्चना कर श्रंद्धाजलि अर्पित की और उनके द्वारा किए गए देश सेवा के कार्यों को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि आज हम शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन हमें उनकी वीरता, देशभक्ति और बलिदान की याद दिलाता है। वीर नारायण सिंह एक सच्चे देशभक्त और स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अपने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अपनी वीरता से अंग्रेजों को पराजित किया था। उनकी वीरता और बलिदान को याद करते हुए, हमें अपने देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। हमें उनकी प्रेरणा से अपने देश की सेवा करनी चाहिए और उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना है।

इस अवसर पर एमडी ठाकुर अध्यक्ष गोंडवाना महासभा धमधागढ़, सीताराम ठाकुर सलाहकार गोंड महासभा, पदमा टीकम साहू सरपंच ग्राम पंचायत बोरई, भाना बाई ठाकुर जनपद सदस्य, योगेश्वर सिंह छेदैया अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




रामेश्वरम धाम यात्रा

तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी

यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-

स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)